दिनांक 18.09.2024

प्रेस विज्ञप्ति 23/2024

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों द्वारा मुलाकात कर सम्मानित किया गया।

आज दिनांकः 18.09.2024 को **श्री प्रशान्त कुमार**, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं **श्री अमिताभ यश**, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, उ0प्र0 से पुलिस मुख्यालय में भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश महामंत्री श्री रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी सहित 06 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात की एवं दिनांकः 28.08.2024 को जनपद सुल्तानपुर में सर्राफा व्यवसायी के यहॉ घटित डकैती की घटना के सफल अनावरण एवं शत–प्रतिशत बरामदगी के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का आभार व्यक्त किया।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मण्डल द्वारा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, उ0प्र0 को धन्यवाद प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा कहा गया कि पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कुशल नेतृत्व में उक्त घटना के सफल अनावरण व बरामदगी से व्यापारियों व जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।











# धन्यवाद-प्रशंसा पत्र

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

आदरणीय श्री प्रशांत कुमार जी (IPS)
पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

महोदय,

आपके कुशल नेतृत्व में बेहतर कानून व्यवस्था कायम है पूरे समाज के साथ-साथ व्यापारी समाज भी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है जनपद सुल्तानपुर में भरत सर्राफ के यहां हुई लूट की घटना का आपके नेतृत्व में वास्तविक खुलासा हुआ तथा व्यापारी का लगभग शत-प्रतिशत माल बरामद हुआ जिसके लिए हम आपको पूरे प्रदेश के व्यापारियों की तरफ से धन्यवाद देता हूँ तथा भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूँ। आपके नेतृत्व में पुलिस ने वह करके दिखाया जिसकी उम्मीद धीरे-धीरे व्यापारी छोड़ रहे थे आपके कार्यो की जितनी प्रशंसा की जाए कम है आप निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े ऐसी मंगल कामना करता हूँ, आप स्वस्थ रहें और इसी प्रकार आपके नेतृत्व में आम जनमानस अपने को सुरक्षित महसूस करें।

आपके बेहतर कार्यशैली एवं सुन्दर कानून व्यवस्था के लिए आपको पुनः बहुत-बहुत धन्यवाद साधुवाद !

सादर

**रवीन्द्र त्रिपाठी**
प्रदेश महामंत्री भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उ.प्र.

| |
|---|
| दिनांक 18.09.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 24/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद कुशीनगर/थाना कसया**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 17.09.2024 को थाना कसया, थाना कोतवाली पडरौना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हिरण्या मोड़ के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त देवाजीत उर्फ संजय उर्फ राजा घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कसया पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कसया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–देवाजीत उर्फ संजय उर्फ राजा निवासी ग्राम डिहियाँ थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बरेली/क्राइम ब्रान्च बरेली

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 18.09.2024 को क्राइम ब्रान्च व एसआईटी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर झुमका तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त विजय को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सीबीगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में जनपद बरेली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विजय निवासी शान्ति विहार सिठौरा रोड थाना सुभाषनगर जनपद बरेली।

## जनपद सहारनपुर/थाना रामपुर मनिहारान

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 18.09.2024 को थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कंजौली नहर पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त रोहित उर्फ रोकी को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रामपुर मनिहारान पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रामपुर मनिहारान पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रोहित उर्फ रोकी निवासी ग्राम कंजौली थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना कोतवाली नगर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 26 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण बरामद**

दिनांक 17.09.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शहाबुद्दीन रोड ईंट भट्टे के पास से 02 अभियुक्तों 1–मो0तारिक 2–शोएब को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। एक बाल अपचारी को बाल संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 26 हजार रूपये नगद, चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11.09.2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे।। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित है ।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–मो0तारिक निवासी कब्रिस्तान वाली गली लद्दावाला थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर।

2–शोएब निवासी बैंक आफ बडैदा वाली गली मिमलाना रोड़ थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के 26 हजार रूपये नगद।

2–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–39**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **22 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 18.09.2024 को थाना सेक्टर–39 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेक्टर–42 कट के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त आमिर घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 22 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध थाना सेक्टर–39 पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–39 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आमिर निवासी खजूर कॉलोनी थाना सेक्टर–39 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–22 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

## जनपद हाथरस/थाना हाथरस जंक्शन

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 17/18.09.2024 को थाना हाथरस जंक्शन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम वाहनपुर के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—कलुआ उर्फ भेली उर्फ शरीफ घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—बांके 3—बादशाह सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त कलुआ उर्फ भेली उर्फ शरीफ के विरूद्ध जनपद हाथरस, एटा के विभिन्न थानो में चोरी, एनडीपीएस एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना हाथरस जंक्शन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कलुआ उर्फ भेली उर्फ शरीफ निवासी मेवली थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस, हालपता नगला खेड़ा बंजारा थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

2—बांके निवासी मेली थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस, हालपता नगला खेड़ा बंजारा थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

3—बादशाह निवासी मेलवी थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस, हालपता नगला खेड़ा बंजारा थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1—02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद शामली/थाना कांधला**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 17.09.2024 को थाना कांधला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर फतेहपुर नहर पटरी के पास से अभियुक्त शमीम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना कांधला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शमीम निवासी ग्राम खन्द्रावली थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 05 मोटर साइकिल।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस–1**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 17.09.2024 को थाना फेस–1 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान अभियुक्त निखिल उर्फ सॉफ्टवेयर को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना फेस–1 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–निखिल उर्फ सॉफ्टवेयर निवासी ग्राम बल्वापुर थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी, हालपता 26 ब्लॉक त्रिलोकपुरी थाना मयूर विहार दिल्ली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 05 मोटर साइकिल।

- **जनपद मुजफ्फरनगर/थाना पुरकाजी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा थाना पुरकाजी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376डी/363/366 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–दर्शन 2–वंशी को आजीवन कारावास व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद एटा/थाना अलीगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद एटा पुलिस द्वारा प्रभा वी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद एटा द्वारा थाना अलीगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त दीपक को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————